दिनांकः 14.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर से प्रदेशव्यापी स्वच्छता संकल्प और जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अल्बर्ट हॉल पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में श्रमदान कर साफ–सफाई का संदेश दिया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ये प्रयास है कि राजस्थान स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब हर घर, गली, पार्क और स्मारक साफ होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य के लगभग सभी गांव ओडीएफ प्लस घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत सफाई के लक्ष्यों में राजस्थान देश में पहले पायदान पर रहा।
मुख्यमंत्री इस दौरान नगर निगम के सफाईकर्मियों को पीपीई किट भी बांटे। साथ ही, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को चैक भी सौंपे। श्री शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और रामनिवास बाग में पौधारोपण किया।
सभी जिलों में आज स्वच्छता संकल्प और जागरुकता सप्ताह की शुरूआत हुई। इसके तहत राजकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों में श्रमदान कार्यक्रम रखे गये हैं।

000

वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आज आयोजित की जा रही है। यह लोक अदालत राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित सभी अधीनस्थ न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों, राजस्व न्यायालयों और अन्य अधिकरणों में लगाई जा रही है।
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि प्रदेशभर में 10 लाख 23 हजार से ज्यादा प्रकरण सूचीबद्ध किये गये हैं। इन मामलों के निस्तारण के लिए 480 बैंच गठित की गई हैं। इन बैंचों के समक्ष पक्षकार आपसी सहमति और सुलह से मामले निपटा सकेंगे। प्रकरणों की सुनवाई ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जा रही है।

000

केन्द्र सरकार ने लद्दाख के जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को रिहा करने का फैसला किया है। उन्हें पिछले साल सितम्बर महीने में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम–एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। उसके बाद से वांगचुक को जोधपुर जेल में रखा गया था। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देना चाहती है। मंत्रालय ने आगे कहा कि इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए और उचित विचार–विमर्श के बाद, हिरासत रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

000

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार सभी अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी तरीके से लागू की जाती हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार सद्भाव, न्याय और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को बनाए रखने के लिए हितधारकों के साथ लगातार संवाद करती रहेगी।।

000

राज्य के कई शहरों में बादल छाये रहने से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू सहित पांच जिलों में तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। वहीं कल 18 जिलों में आंधी और बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में हल्की आंधी और कुछ स्थानों पर ओले गिरने का भी अनुमान बताया गया है।

इस बीच, कल कोटा 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। बाड़मेर में पारा 39 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस मापा गया। वहीं बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, सीकर और झुंझुनूं तथा जयपुर में तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई।

000

एफ.आई.एच. महिला हॉकी विश्वकप क्वालीफायर के फाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच आज शाम साढे सात बजे से तेलंगाना में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में अब तक दोनों टीमें अजेय रही हैं। मनीषा चौहान के गोल की मदद से भारत इटली को 1–0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। इस जीत के साथ भारत विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर चुका है। भारत ने लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है।

000

शिक्षा मंत्रालय ने 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत युवाओं के लिए युवा संगम प्रतियोगिता की शुरूआत की है। इस प्रतियोगिता के छठे चरण के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। इसमें भाग लेने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर 18 मार्च तक पंजीकरण किया जा सकता है। इससे युवाओं को देश की समृद्ध विरासत, परम्पराओं और नवाचार के ईको सिस्टम से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

000